आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

04.09.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह के लिए एस्ट्रो टूरिज़्म पॉलिसी का मसौदा तैयार किया गया है।
- उद्योग विभाग की ओर से स्थापित औद्योगिक भूमि और भूखंडों के लिए जारी निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- परिष्कृत ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में साइबर अपराध पुलिस थाना ने एक मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है।
- द्वीपसमूह में इस महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए सात तारीख को सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की जलक्रीड़ा परिसर में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह के लिए एस्ट्रो टूरिज़्म पॉलिसी का मसौदा तैयार किया गया है। इसके जरिए रणनीतिकारों और स्थानीय समुदाय को लाभ मिलेगा और द्वीपों की प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण भी किया जा सकेगा। इसके अलावा ये मसौदा नीति सतत पर्यटन को बढ़ावा देगा। प्रदूषण को कम करने में सहायक होगा। प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में मदद मिलेगी और आगंतुकों को सुखद अनुभव होगा। मसौदा नीति को सुझावों, प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक डोमेन में डाला गया है। इस संबंध में सभी नागरिकों, पर्यटन हितधारकों और विभिन्न विभागों से सुझाव प्रतिक्रिया आमंत्रित की गई है। मसौदा नीति को सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। कल से पांच अक्तूबर के बीच सुझाव और प्रतिक्रिया भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से उद्यमियों को जरूरी सुविधाओं के साथ द्वीपों के विभिन्न भागों में औद्योगिक भूमि व भूखंड उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक एस्टेट की स्थापना की है। विभाग की ओर से अब तक डॉलीगंज, गाराचरमा, मीठाखाड़ी, हटबे, लिटिल अंडमान, बकुलतला और कैम्पबेल बे में औद्योगिक एस्टेट स्थापित किए गए हैं। इन सभी औद्योगिक एस्टेट के लोगो के लिए दिशा–निर्देश को उप–राज्यपाल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समिति भी बनाई गई है। ये समिति नियम और शर्तों के उल्लंघन के मामलों की जांच करेगी। दिशा–निर्देश वर्तमान के औद्योगिक इकाईयों पर ही लागू होगी। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई और उन पर लगाए जाने वाले जुर्माने से संबंधित दिशा–निर्देश का विवरण प्रशासन की राज्य पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

परिष्कृत ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में साइबर अपराध पुलिस थाना ने साइबर अपराधी मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी जाली फेस बुक प्रोफाइल बनाकर लोगों को अपनी जाल में फंसाता था। हैडो के एक निवासी ने पहचान चुराने और ऑनलाइन तंग किए जाने के संबंध में साइबर अपराध पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी साहिल शमसुद्दीन के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने खोजबीन आरंभ की और सबूतों को इकट्ठा करते हुए साजिशकर्ता की पहचान और स्थान का पता लगाया। उसके खिलाफ जाल बिछाया गया और कल संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना

जुर्म कबूल किया। पुलिस ने लोगों से किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना से संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में इस महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के ज़िला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–संभागीय न्यायालय परिसर और डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में लगेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत मामलों का निपटारा किया जाएगा। आम जनता जिनके बिजली, पानी के बिल के अलावा श्रम विवाद, रख–रखाव से जुड़े मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विवाद या सार्वजनिक मामले विचाराधीन है, वे नौ सितम्बर तक लिखित में विवादों को ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव के पास जमा कर सकते हैं, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए इसे प्रस्तुत किया जा सके।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। तीस सितम्बर तक चलने वाले इस माह में समाज कल्याण विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी की ओर से बाल देखभाल संस्थान सेवा निकेतन डेरीफार्म में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने बच्चों के अधिकार, साफ–सफाई और उत्तरदायित्व के बारे में जानकारी दी। पॉक्सो अधिनियम के बारे में भी बताया गया।

<><><><><><>

गोरखपुर में अगले महीने की बाईस से छब्बीस तारीख तक आयोजित होने वाले सब–जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप और पुणे में एक से छः दिसम्बर तक आयोजित होने वाले चवालीसवें जूनियर तथा सातवें अंतर राज्य चैलेंजर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस महीने की सात तारीख को सुबह छः बजे से सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की जलक्रीड़ा परिसर में चयन ट्रायल का आयोजन होगा। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम छः सितम्बर तक रामाराव के पास दर्ज कराने को कहा गया है।

<><><><><><>

निकोबार ज़िले में कीर्ति योजना के तहत दस से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के करीब सात सौ से अधिक खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया है। कैम्पबेल बे, कच्छाल और कमोर्टा से अकेले पांच सौ पंजीकरण प्राप्त हुए है। निकोबार ज़िला शिक्षा अधिकारी एच. नथानियल ने कहा कि कीर्ति योजना से जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को पहचान के साथ–साथ द्वीपसमूह के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के तहत पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से मध्योत्तर अंडमान ज़िले में मवेशियों के कान में टैग लगाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक मायाबंदर क्षेत्र में दो सौ चालीस से अधिक मवेशियों के कान में टैग लगाए गए हैं। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

<><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में द्वीपसमूह के मलयाली मूल के विद्यार्थियों के लिए एम बी बी एस, बी डी एस और बी ए एम एस पाठ्यक्रमों में आरक्षित सीटों के आवंटन के लिए परामर्श रखा गया है। परामर्श बारह सितम्बर को सुबह दस बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अट्ठारह जनवरी को संस्थान के सभी केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि सोलह सितम्बर है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले के डिगलीपुर में कल से लेकर नौ सितम्बर तक शिविर आयोजित होगा। सभी दुकानदारों, ऑटो रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों तथा संबंधित विभागों से इन शिविरों का लाभ उठाकर अपने मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक एक सौ छियासठ दशमलव आठ मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चवालीस दशमलव आठ, पोर्ट ब्लेयर में तैंतालीस, ननकौड़ी में चालीस, कार निकोबार में उनतालीस, मायाबंदर में सत्ताईस दशमलव चार और लांग आइलैंड में सत्रह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। खराब मौसम को देखते हुए आठ सितम्बर तक समुद्र में ना जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>